Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct bridge on Punpun river in Aurangabad district, Bihar-laid.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): मैं सरकार का ध्यान पुनपुन नदी पर पुल बनाने के संबंध मे आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड के ग्राम अजनियाँ के पास पुनपुन नदी पर पुल नहीं बनाने के कारण यहाँ के दो पंचायत के हजारों लोगों को बरसात के चार महीने तक बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा पुल के अभाव में हर साल बरसात के महीने में डूबने से लोगों की मौत भी हो जाती है। अत: मैं सरकार से मांग करता हूँ कि अजनियाँ के पास पुनपुन नदी पर पुल अतिशीघ्र बनाया जाए।